**सुविचार** -गुस्से के वक्त थोड़ा रूक जाने से और गलती होने पर थोड़ा झुक जाने से जिंदगी आसान हो जाती है।

साप्ताहिक

डाक रजि./MP HSD/13/2021-2023/24-26 आर.एन.ए.पंजीयन संख्या-47485/86

सच की बात-सहजता के साथ

# पिपरिया प्रकाश

http://www.pipariyaprakash.com E-mail-pipariyaprakash@gmail.com Mob. 9425708959

वर्ष-40 अंक -16 पिपरिया (म. प्र.) दिन -गुरुवार दिनांक-5 मार्च 2026 मूल्य-5/00 पृष्ठ -8

## पिपरिया में परंपरा और आस्था का संगम– मंगलवारा चौराहे पर हुआ भव्य होलिका दहन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, शहर के मंगलवारा चौराहे पर वर्षों से चली आ रही परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी ऐतिहासिक हिन्दू उत्सव समिति द्वारा श्रद्धा और



उल्लास के साथ होलिका दहन किया गया। शुभ मुहूर्त में दुर्गा मंदिर के पुजारी पंडित सीताराम दुबे ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा–अर्चना कर होलिका प्रज्ज्वलित की।

जैसे ही अग्नि की लपटें उठीं, पूरा वातावरण "जय श्रीराम" और "होलिका माता की जय" के जयघोष से गूंज उठा। श्रद्धालुओं ने परिक्रमा कर परिवार की सुख–समृद्धि और मंगलकामना की। कार्यक्रम में हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर सोनी,सचिव धर्मेन्द्र बलदुआ, नरायणदास गंगेले,गिरधर मल्ल, अरविंद राय,मुकेश दुबे, संजय पांडे, बंटी चौरासिया,अतुल परसाई, भीमा गुप्ता, समिति के सदस्यगण, जनप्रतिनिधि, शहर के वरिष्ठ नागरिक और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर सुरक्षा और व्यवस्थाओं का भी विशेष ध्यान रखा गया।

बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस पावन पर्व को शहरवासियों ने पारंपरिक रीति–रिवाजों के साथ मनाया। मंगलवारा चौराहे,पुरानी गल्ला मंडी,न्यू सब्जी मंडी, दशहरा मैदान इतवारा बजार,शहर के मुख्य स्थानों और वार्डों में सजी होलिका की अग्नि ने एक बार फिर समाज को एकता, आस्था और सद्भाव का संदेश दिया।

## पिपरिया पुलिस का 'ऑपरेशन माय फोन' सफल– 6 मोबाइल बरामद, 1.30 लाख के फोन मालिकों को लौटाए

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, (नर्मदापुरम)। गुम हुए मोबाइल फोन तलाशने के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन माय फोन' के तहत थाना पिपरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने 6 गुम मोबाइल ट्रेस कर बरामद किए, जिनकी कुल कीमत करीब 1.30 लाख रुपए बताई जा रही है। इनमें से 4 मोबाइल उनके मालिकों को सुपुर्द कर दिए गए हैं, जबकि 2 मोबाइल मालिकों के आने पर सौंपे जाएंगे। थाना क्षेत्र में मोबाइल गुम होने की शिकायतें मिलने पर आवेदकों ने भारत सरकार के ब्म्प्ट पोर्टल पर अपने फोन दर्ज कराए थे। इसी पोर्टल की मदद से पुलिस टीम ने मोबाइल ट्रैक कर उन्हें बरामद किया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम साई कृष्णा एस. थोटा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन के निर्देशन में, थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी। टीम ने तकनीकी सहायता से मोबाइल ट्रैक कर कार्रवाई को अंजाम दिया।

अब तक 17 मोबाइल रिकवर– पिपरिया पुलिस ने बताया कि अब तक CEIR पोर्टल की मदद से कुल 17 मोबाइल



रिकवर किए जा चुके हैं, जिनमें से 15 मोबाइल मालिकों को सौंपे जा चुके हैं। शेष 2 मोबाइल भी जल्द ही संबंधित व्यक्तियों को दिए जाएंगे। पिपरिया स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में गुम हुआ मोबाइल आखिरकार पुलिस की सक्रियता से बरामद कर उसके मालिक को लौटा दिया गया। जानकारी के अनुसार आनंद बाग पिपरिया निवासी रामकुमार राजपूत का मोबाइल फोन दिनांक 31 जुलाई 2025 को स्टेशन रोड थाना क्षेत्र में कहीं गुम हो गया था। घटना के बाद उन्होंने थाने में आवेदन प्रस्तुत किया था। पुलिस द्वारा प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी माध्यमों से मोबाइल की तलाश शुरू की गई। लगातार प्रयासों के बाद मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया गया। आज दिनांक 03 मार्च 2026 को आवेदक रामकुमार राजपूत को थाना स्टेशन रोड पिपरिया बुलाकर विधिवत उनका मोबाइल सुपुर्द किया गया। मोबाइल वापस मिलने पर आवेदक ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

**CEIR** पोर्टल से मिलती है मदद – गौरतलब है कि **CEIR (Central Equipment Identity Register)** पोर्टल भारत सरकार की केंद्रीकृत प्रणाली है, जिसके माध्यम से खोए या चोरी हुए मोबाइल फोन को ट्रैक और ब्लॉक किया जा सकता है। इससे मोबाइल के दुरुपयोग पर रोक लगती है।

उल्लेखनीय भूमिका– थाना प्रभारी गिरीश त्रिपाठी, प्र.आर. 517 अरुण जुदेव, आरक्षक 48 मोहसीन खान एवं आरक्षक 334 अतुल विश्वकर्मा की सराहनीय भूमिका रही।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने पर तुरंत नजदीकी थाने में सूचना देकर **CEIR** पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके।

## पिपरिया में सख्त वाहन चेकिंग, 12 चालान काटे, 5000 का समन शुल्क वसूला

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। सड़क सुरक्षा को लेकर थाना पिपरिया पुलिस ने विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाते हुए नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की। अभियान के दौरान कुल 12 चालान बनाकर 5000 का समन शुल्क



वसूला गया। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार वाहन की बॉडी से ऊंचा, लंबा एवं डाला खुला रखकर सामान भरकर परिवहन करने वाले 6 वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई, जिनसे 3000 का समन शुल्क वसूला गया। इसके अलावा बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वाले 5 चालकों पर 1500 तथा बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 1 चालक पर 500 का चालान किया गया। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी पिपरिया, नायब तहसीलदार पिपरिया सहित थाना पिपरिया के एसआई शिव प्रसाद तिवारी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। अधिकारियों ने वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश देते हुए कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## होली पर खपाने लाई जा रही थी शराब, पिपरिया पुलिस ने 63 लीटर अवैध शराब के साथ कार पकड़ी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, आगामी होली त्योहार को देखते हुए अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पिपरिया पुलिस को बड़ी सफलता मिली




है। पुलिस ने सांड़िया रोड पर घेराबंदी कर एक अल्टो कार से 63 लीटर अंग्रेजी और देशी शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपए तथा कार की कीमत लगभग 2 लाख रुपए बताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अपराध क्रमांक 88/2026 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस अधीक्षक साई कृष्ण एस. थोटा के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक राजन तथा एसडीओपी मोहित कुमार यादव के निर्देशन में अवैध शराब के विरुद्ध सघन पेट्रोलिंग की जा रही है। रविवार रात पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि सांड़िया की ओर से डार्क स्लेटी रंग की अल्टो कार क्रमांक **MP-04-CQ-4964** में अवैध शराब लेकर पिपरिया की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने चौधरी वेयर हाउस, सांड़िया रोड पर घेराबंदी कर कार को रोका। चालक ने अपना नाम रोहित राय (32) निवासी होली चौक, बरेली, जिला रायसेन बताया। कार की तलाशी लेने पर डिक्की से दो पेटी बैंकपाइपर 375 एमएल के 48 नग तथा अलग–अलग बोरियों में रखे 180 एमएल के कुल 250 क्वार्टर (लगभग 5 पेटी) बरामद हुए। कुल 63 लीटर शराब जब्त की गई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह होली पर्व पर बिक्री के लिए शराब की तस्करी कर रहा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। इनकी रही प्रमुख भूमिका– कार्रवाई में निरीक्षक गिरीश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक मानिक सिंह बड़ी, प्रधान आरक्षक पूनमचंद चौधरी, आरक्षक स्नेह साहू, ललित हरणे एवं प्रदीप सोनी की सराहनीय भूमिका रही।

## सम्पादकीय

# पढ़ेगा नहीं तो कैसे बढ़ेगा इंडिया

पिछले दस सालों में लगभग 89441 सरकारी स्कूल बंद किए जा चुके है। जहां एक ओर सरकार मंदिर और पार्टी के दफ्तर बनाने पर जोर दे रहीं है। वहीं शिक्षा के भवनों पर ताला लगाया जा रहा है। प्राथमिक शिक्षा की नींव पहले से ही हिली हुई है उस पर सरकार स्कूलों को बंद कर शिक्षा के संकट को और गहरा करने में लगी हुई है। 2014 से लेकर 2024 के बीच हजारों स्कूल बंद हुए उसमें सबसे ज्यादा उत्तर प्रदेश 25126 और मध्यप्रदेश 29410 में बंद हुए है। शिक्षा के मामले में यह राज्य पहले से ही पिछडे हुए है उस पर यदि यहां के सरकारी स्कूलों पर भी ताला लगा दिया जाएगा तो शिक्षा सभी तक कैसे पहुंचेगी। सरकार पूरी तैयारी में है कि सरकारी स्कूलों को कम कर प्राइवेट स्कूलों की फौज खडी की जाएं और उसने वसूली की जाएं। आखिर क्यों सरकार शिक्षा का हक हर गरीब से छीनना चाहती है । कई दूरस्त गांवों तक शिक्षा कैसे पहुंचेगी यदि सरकारी स्कूल नहीं होंगे और यदि मंहगे प्राइवेट स्कूलों होंगे तो आम गरीब कैसे शिक्षा प्राप्त करेगा। ये सरकार पहले ही देश ही कई सरकारी सेवाओं का सौदा निजी कंपनियों से कर चुकी है अब शिक्षा को भी नहीं बख्षा जा रहा है। वैसी भी प्रदेश में सरकारी स्कूलों की स्थिति किसी से छिपी नही है जर्जर भवनों में सरकारी स्कूल लग रहे है वहीं कई जगह भवन ही नहीं है खुले मैदान में पेड की छांव में स्कूल लगाएं जाते है । यदि सरकार का रवैया शिक्षा के प्रति इतना उदसीन रहा तो ना पढ़ेगा इंडिया और ना ही बढेगा इंडिया । पढ़ाई के प्रति इतनी उदसीनता आखिर क्यो है सरकार मंदिरों पर तो इतनी सजग दिखाई देती है लेकिन शिक्षा के नाम पर उसकी उदासीनता साफ झलकती है। अगर ऐसे ही हाल रहे तो प्रदेश में शिक्षा और गर्त में जाती जाएगी। शिक्षित समाज ही विकसित समाज का निर्माण करता है धार्मिक होना ठीक है लेकिन शिक्षा बहुत आवश्यक है इसीलिए सरकार को मंदिर अवश्य बनाना चाहिए लेकिन अगर वे शिक्षा के हो तो प्रदेश की बेहतरी होगी।

**प्राइवेट स्कूलों की मोटी फीस ड्रेस , बुक स्टेश्नरी पर भारी कमीशन खोरी एडमिशन फीस हर कदम पर लूट का खेला हमेंशा की तरह चल रहा है। इसे कोई सरकार रोक नहीं पाई।**

## मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत चयनित तीर्थयात्रियों को 1 मार्च सायं 7 बजे

### नगर पालिका नर्मदापुरम में किया जायेगा टिकट वितरण

जनसंपर्क नर्मदापुरम । मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना अंतर्गत 1 मार्च 2026 से 6 मार्च 2026 तक आयोजित अयोध्या–वाराणसी तीर्थ यात्रा के लिए प्राप्त आवेदनों का कम्प्यूटरीकृत लॉटरी (रेन्डम) प्रक्रिया के माध्यम से चयन किया गया है। चयनित यात्रियों को रविवार, 1 मार्च 2026 को शाम 7रू00 बजे से टिकटों का वितरण किया जाएगा।

उपसंचालक, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, नर्मदापुरम द्वारा इस संबंध में समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत एवं समस्त मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि सूची अनुसार चयनित तीर्थ यात्रियों को समय पर सूचित किया जाए कि वे निर्धारित तिथि एवं समय पर नगर पालिका नर्मदापुरम प्रांगण में अपने मूल आधार कार्ड एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित अनिवार्य रूप से उपस्थित हों, ताकि उन्हें यात्रा संबंधी टिकट प्रदान किए जा सकें।


ए.एस. खुराना मो. 7747022369
बी.एस.सी./डी.ओ.आर. 8871443275
मनु आई केयर एण्ड ऑप्टीकल्स
हमारे यहां नजर व धूप के चश्में नेत्र परिक्षण करके बनाये जाते हैं।
एच.डी.एफ. सी. बैंक के सामने, पिपरिया (म.प्र.)


## ममता का रंग

(होली मां का पसंदीदा उत्सव था, मां की याद में चंद पंक्तियां )

टेसू से सजे बाग,
रंगों से सजे राग ।
हुरियारों के संग ,
जमेंगे फाग के रंग ।
राग–रंग के इस पल में ,
ममता का रंग कहीं गुम हैं।
जब –जब फागुन आता है,
मां की याद दिलाता है।
फाग में रंगी मां का,
मुस्कुराता चेहरा दिख जाता है ।
ममता का रंग नहीं तो ,
अब फाग सिर नहीं चढ़ता ।
हर ओर रंग हो फिर भी ,
सबकुछ बेरंग से लगता।

**–श्रद्धा मंडलोई**

## कलेक्टर के निर्देश अनुसार खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त कार्यवाही

जनसंपर्क नर्मदापुरम क्लेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार होली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सोमवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न तहसीलों में सघन जांच एवं कार्रवाई की गई। कार्रवाई का उद्देश्य आमजन को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना है। तहसील पिपरिया में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बीकानेर मिष्ठान भंडार से मगज के लड्डू एवं मावा, सपना स्वीट्स से कलाकंद, राजस्थान स्वीट्स से रसगुल्ला तथा साहू बेकरी से कुकीज एवं नमकीन के नमूने लिए गए। इसी प्रकार तहसील सोहागपुर में न्यू बीकानेर मिष्ठान भंडार, श्री बीकानेर मिष्ठान भंडार एवं कमानी गेट स्थित मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साफ–सफाई एवं स्वच्छता संबंधी आवश्यक निर्देश जारी किए गए।

तहसील सिवनी मालवा में खाद्य सुरक्षा दल द्वारा राजस्थान स्वीट्स, आसी आइसक्रीम एवं कंचन मावा से विभिन्न मिठाइयों के नमूने लिए गए। साथ ही चलित खाद्य प्रयोगशाला के माध्यम से मौके पर ही खाद्य पदार्थों की प्राथमिक जांच की गई। जिला प्रशासन के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। खाद्य कारोबारकर्ताओं को स्वास्थ्यकर एवं स्वच्छ वातावरण में मिठाई एवं नमकीन तैयार करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। अब तक जिले में कुल 44 नमूने लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे जा चुके हैं। अनियमितता पाए जाने पर 7 खाद्य कारोबारियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं। खाद्य सुरक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि त्योहारों के दौरान आमजन की सेहत से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा तथा जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./149/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 3/3/2026

## निविदा-सूचना

समस्त प्रिंटर्स/सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण पचमढ़ी अपने कार्यालय एवं आवासीय युनिटों हेतु आवश्यकता अनुसार प्रिंट के लिये 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक एक वर्ष के लिये दरें आहुत करवाना चाहता है। अतः अपनी दरें निम्नानुसार सूची के अनुसार बंद लिफाफे में दिनांक 23/03/2026 समय 12.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रेषित करें।

| क्र. | प्रिंट स्टेशनरी | दरें |
|---|---|---|
| 1. | एंट्री रजिस्टर लेजर पेपर 200 पेज | |
| 2. | लेखापाल केशबुक लेजर पेपर 300 पेज | |
| 3. | केशियर केशबुक लेजर पेपर 300 पेज | |
| 4. | रजिस्टर ए-3 साईज 50 पेज | |
| 5. | रजिस्टर ए-3 साईज 100 पेज | |
| 6. | रजिस्टर ए-3 साईज 200 पेज | |
| 7. | रसीद गड्डी डबल परत में 100 परत | |
| 8. | बिल बुक डबल परत में 100 परत | |
| 9. | प्रोफार्मा बुकलेट दोहरी परत में 50 परत | |
| 10. | मस्टर रोल मासिक फार्म प्रति 100 परत | |
| 11. | नोटशीट ए-4 पैकिट | |
| 12. | लिफाफे साडा नाम के प्रिंटेड 9/4 | |
| 13. | ठेका पंजी | |
| 14. | न्यू होटल आउट हाउस पंजी 100 पेज | |
| 15. | सी.एल. पंजी 100 पेज | |
| 16. | जी.पी. एफ. पंजी 100 पेज | |
| 17. | लाग बुक 150 पेज | |
| 18. | कार्यालय फाइल (साड़ा पचमढ़ी एवं साडा का लोगो सहित) प्रति नग | |
| 19. | आय व्यय प्लेन रजिस्टर 200 पेज | |

शर्तें- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।
3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।
4. वर्णित सामग्री के अतिरिक्त आवश्यक प्रिंट संबंधी सामग्री बाजार दर से कम दर छपाई करना होगा।
5. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी. कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।
6. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।
7. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

## इटारसी व पिपरिया में सीनियर सिटीजन हेतु हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर के दौरान 88 हितग्राही लाभान्वित

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. श्रीराम करोजिया के मार्गदर्शन में वरिष्ठ नागरिकों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का आयोजन इटारसी स्थित रोटरी क्लब रामवृद्ध कल्याण जन समिति न्यास कॉलोनी तथा पिपरिया में नगर पालिका वृद्धा आश्रम, बस स्टैंड परिसर में संपन्न हुआ।

शिविर में वरिष्ठजनों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा वृद्धावस्था से संबंधित सामान्य बीमारियों एवं उनके बचाव के उपायों पर संवाद आयोजित किया गया। चिकित्सकों द्वारा उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों की शारीरिक समस्याओं को गंभीरता से सुनकर आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया। आयुर्वेदिक एवं होम्योपैथिक चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क औषधियों का वितरण किया गया। साथ ही ब्लड शुगर एवं रक्तचाप (बीपी) की जांच भी की गई। इटारसी में आयोजित शिविर में 39 वृद्धजन एवं आम नागरिकों का उपचार किया गया, जबकि पिपरिया वृद्ध आश्रम में 49 वृद्धजन एवं आम नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गई।

शिविर के संबंध में जानकारी इटारसी के नोडल अधिकारी डॉ. नितिन जॉर्ज एवं पिपरिया के नोडल अधिकारी डॉ. विमल किशोर यादव द्वारा प्रदान की गई।


अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट अल्ट्राटेक सीमेंट
राज ट्रेडर्स
मो. 9806969697,
$ 9893692487,
9644200339
कैलाश प्रेस के बाजू में सांडिया रोड, पिपरिया
होम डिलेवरी वाहन सुविधा कम दर पर उपलब्ध
लोहा उत्तम क्वालिटी टेस्टेड
डॉ. फिक्सइट आपके घर का डाक्टर सम्पूर्ण वाटर प्रूफिंग के लिए
ग्राहक का संतोष ही हमारी सफलता है।

# होली पर्व से पूर्व मिठाई एवं नाश्ता प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण

## चलित खाद्य प्रयोगशाला से 30 नमूनों की मौके पर जांच, 13 नमूने राज्य प्रयोगशाला भेजे जाएंगे

जनसंपर्क नर्मदापुरम । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार होली के त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए संयुक्त जांच दल, जिला प्रशासन एवं खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा चलित खाद्य प्रयोगशाला के साथ जिले के विभिन्न मिठाई, नमकीन एवं नाश्ता प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चलित खाद्य प्रयोगशाला द्वारा 30 नमूनों की मौके पर जांच की गई।कार्रवाई के दौरान राजस्थान मिष्ठान भंडार मंगलमय विलास से, जहां मिठाई निर्माण कार्य संचालित पाया गया, केसर पेड़ा कुंदा एवं मिल्क पाउडर के नमूने लिए गए। इसके अतिरिक्त जय स्तंभ स्थित भागचंद कहार से बर्फी, लक्ष्मी मिष्ठान भंडार से बेसन लड्डू एवं पेड़ा, महेश मिष्ठान भंडार से मगज लड्डू एवं पेड़ा, डमरू वाला स्वीट्स से खोवा, महेश स्वीट्स से मावा पेड़ा, केला देवी नाश्ता सेंटर से समोसा एवं बेसन लड्डू तथा अग्रवाल होटल से बेसन के नमूने संग्रहित किए गए।

इस प्रकार कुल 13 नमूने विधिवत संग्रहित किए गए, जिन्हें राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान भागचंद कहार, पटवा लाइन स्थित महेश मिष्ठान एवं केला देवी नाश्ता सेंटर पर गंदगी पाए जाने के कारण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत नोटिस जारी किए गए। उक्त संयुक्त दल में नगर तहसीलदार श्रीमती सरिता मालवीय, खाद्य सुरक्षा अधिकारी जितेंद्र सिंह राणा एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी कमलेश दिया बार सम्मिलित रहे। त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए इस प्रकार की कार्रवाई सतत रूप से जारी रहेगी।

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./143/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 2/3/2026

## निविदा-सूचना

विशेष क्षेत्र प्राधिकरण पचमढ़ी सिविल क्षेत्र तथा अपने कार्यालय तथा यूनिट हेतु 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 (एक वर्ष) तक में प्रयोग में आने वाली हार्डवेयर सामग्री दरें आहूत करना चाहता है। अतः इच्छुक सप्लायर अपनी -अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 23/03/2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | सामग्री का नाम /प्रति नग | दरें |
|---|---|---|
| 1. | कनेक्शन पाइप 3 फुट लम्बे 1/2 इंची | |
| 2. | कनेक्शन पाइप 2 फुट लम्बे 1/2 इंची | |
| 3. | बासबेसिन नल प्लास्टिक 1/2 इंची | |
| 4. | बासबेसिन नल स्टील 1/2 इंची | |
| 5. | एंगिल काक 1/2 इंची | |
| 6. | बासबेसिन कपलिंग स्टील | |
| 7. | बेसडाउन पाइप | |
| 8. | बाल्व 2 इंची ब्रास | |
| 9. | बाल्व 2 इंची पी.व्ही.सी. | |
| 10. | हेंड प्रोसिड कम्पलीट | |
| 11. | सिस्टम फ्लूट बाल्व 1/2 इंची | |
| 12. | पानी कैंपर 5 लीटर नल | |
| 13. | पानी कैंपर 15 लीटर नल | |
| 14. | नल 1/2 इंच प्लास्टिक उच्च गुणवत्ता | |
| 15. | नल 1/2 इंच स्टील उच्च गुणवत्ता | |
| 16. | टेफलोन टेप | |
| 17. | गार्डन पाईप बेस्ट क्वालिटी 1/2 इंची | |
| 18. | गार्डन पाईप बेस्ट क्वालिटी 3/4 इंची | |
| 19. | गार्डन पाईप बेस्ट क्वालिटी 01 इंची | |
| 20 | प्लास्टिक पाईप 1/2 इंची ठंडे पानी वाला | |
| 21 | प्लास्टिक पाईप 1/2 इंची गर्म पानी वाला | |

शर्तें- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।

3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

4. वर्णित सामग्री के अतिरिक्त अन्य आवश्यक सामग्री बाजार दर से कम दर प्रदान करना होगा।

5. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी. कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।

6. उपरोक्तानुसार समस्त दरें मय जीएसटी रेट के प्रदान की जावे।

7. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।

8. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./151/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 2/3/2026

## निविदा-सूचना

एतद द्वारा समस्त टेंट संचालकों को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर किये जाने वाले आयोजनों हेतु वांछित सामग्री की दरें 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिये प्राप्त की जाना है। अतः इच्छुक सेवा प्रदाता अपनी -अपनी टेंट सामग्री संबंधी दरें बंद लिफाफे में निर्धारित सूची अनुसार दिनांक 23/03/2026 को दोपहर 12.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | सामग्री का नाम | प्रति नग दरें |
|---|---|---|
| 1. | टेंट 15 X15 मय कनात एवं सीलिंग | |
| 2. | बिछायत दरी | |
| 3. | कारपेट प्रति वर्गफुट में अलग अलग | |
| 4. | कुर्सी फाईबर बिना हत्थे की कवर सहित | |
| 5. | कुर्सी फाईबर बिना हत्थे की बिना कवर के | |
| 6. | कुर्सी वीआईपी | |
| 7. | सोफे 2 सीटर | |
| 8. | सोफे 3 सीटर | |
| 9. | लोहे की फोल्डिंग टेबिल मय फ्रिरिल | |
| 10. | एलईडी लाईट 200 वॉट | |
| 11. | एलईडी लाईटिंग पटटे एवं सीरीज | |
| 12. | पानी केम्पर 15 लीटर | |
| 13. | टी कन्टेनर | |
| 14. | कूलर बड़ा | |
| 15. | स्टेंड पंखा | |
| 16. | गंज 15 किलो मय ढक्कन | |
| 17. | गंज 25 किलो मय ढक्कन | |
| 18. | गंज 35 किलो मय ढक्कन | |
| 19. | कढाई छोटी | |
| 20 | कढाई बड़ी | |
| 21 | फाईवर प्लेट | |
| 22 | ट्रे बड़ी | |
| 23 | भट्टी सिंगल वर्नर | |
| 24 | भट्टी डबल बर्नर | |
| 25 | बड़ी थाल | |
| 26 | सेफिनडिस प्रति नग | |
| 27 | सर्विस स्पून बड़े प्रति नग | |
| 28 | स्टील बाल्टी | |
| 29 | स्टील डस्टबीन बड़ा | |
| 30 | स्टील डस्टबीन छोटा | |
| 31 | साउंड सिस्टम मय 2 स्पीकर एवं 2 वायरलेस माईक | |
| 32 | प्रोजेक्ट एवं स्क्रीन | |
| 33 | जनरेटर सेट प्रति घंटा रनिंग | |
| 34 | स्टेज प्रति वर्गफुट | |

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण पचमढ़ी**

**भारत स्टेशनरी**
जयप्रकाश शाला के पास पिपरिया मोबाईल -9406561805
कापीयां, पुस्तक, पेन पेन्सिल, गाईड, स्कूल बैग स्टेशनरी के विक्रेता
कम्प्यूईराइजड रबर स्टेम्प बनाई जाती है।
फोटोकापी की सुविधा उपलब्ध है।


स्वस्थ आहार, स्वाद मजेदार...
**रघुजी नमकीन**
एक विश्वास
रतलामी, उज्जैनी, खट्टा मीठा, फलारी चिप्स इत्यादि नमकीन सभी होटल व किराना दुकानों पर उपलब्ध कृष्णा इन्दौर सेव भंडार
**शोभापुर रोड, पिपरिया** Ph.224241,
-प्रो. संतोष साहू Mob- 8839911938 संदीप साहू Mob- 9425310471



**पिपरिया डेन्टल क्लीनिक**
(पं.नाथूराम गंगेले मार्ग) मंगलवारा पोस्ट आफिस के सामने पिपरिया

**सुपर सिलेक्शन**
मेन रोड थाने के सामने पिपरिया

**द्वारका स्वीटस् एवं चाट सेंटर**
डोसा, इडली, बड़ा साबर समौसा, कचौड़ी एवं देशी मिठाईयां

ताजी लस्सी
मो. 9425310452
(पुड़ी सब्जी-गरमा गरम)


**बिरला का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन**
फोन- 222664, 224664
अधिकृत विक्रेता  My Cem Cement
**श्री गुरुनानक ट्रेडर्स, पिपरिया**

–राजपाल यादव द्वारा

# बनखेड़ी समाचार

## स्वयं की जाँच : आत्म निरीक्षण

–संत राजिन्दरसिंह जी महाराज



आत्म-निरीक्षण का मतलब स्वयं की जांच करना है। हम हर रोज अपने विचारों, वचनों और कार्यों का निरीक्षण करन`से यह जान सकते हैं कि हम कहाँ खड़े हैं ? हम पाएंगे कि हमारी आत्मा पर अनेकों दाग हैं जिन्हें हमें साफ करना है। हमारे मन मों चौबीसों घंटे उल्टे विचार आते रहते हैं जिससे कि हम दिन भर उल्टे वचन बोलते हैं और कार्य करते हैं। ये सब हमारी हर क्षेत्र की प्रगति में सबसे बड़ी रूकावट है। क्रोध, झूठ, वासना, लालच और अहम , ये सभी अवगुण हमारे मन में हर समय आंधी की तरह चलते रहते हैं। यदि हम इन नकारात्मक विचारों को नियंत्रण में ला सकें, तो हमारा मन स्थिर और शांत हो जाएगा।

इन अवगुणों को दूर कनरे का पहला कदम यह है कि हमें अपनी कमजोरियों का अहसास हो। तब हम अपने विचारों, वचनों और कार्यों पर नजर रखेंगे और उन पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे। जिस प्रकार हम अध्यापक के पास जाते हैं तो उनसे कुछ पढ़ने से पहले वे हमारी बुद्धिमता की जांच करते हैं। ठीक इसी प्रकार जब हम किसी पूर्ण गुरु के पास जाते हैं तो वे हमारे मन के अवगुणों को भांप लेते हैं और इसके साथ-साथ वे हमें इन अवगुणों को दूर करने के उपाय भी बताते हैं। वे कहते हैं कि हमें अपनी गलतियों की समीक्षा करनी चाहिये , जिसका अर्थ अपने आपको शीशे में देखना है ताकि हमें हमारी त्रुटियों को पता लगे और हम धीरे-धीरे उन पर विजय प्राप्त कर सकें।

हमें यह समीक्षा स्वयं को कोसने के लिए नहीं बल्कि स्वयं को बेहतर बनाने के लिए करनी चाहिये। यह निराशा और निरादर का कारण नहीं बन जानी चाहिये, बल्कि जहाँ-जहाँ हम कमजोर हैं, वहाँ हमें बेहतर बनाकर, अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में हमारी मददगार होनी चाहिये।

ध्यान-अभ्यास के द्वारा हम सद्गुणों के स्रोत के संपर्क में आते हैं और हमारे अवगुणों के सुधार की प्रक्रिया और तेज हो जाती है। प्रभु की निर्मल करने वाली प्रेम की धारा हमारे अवगुणों को हटाने में सहायक होती है। इस प्रकार हमारा जीवन संपूर्ण शांति, आनंद और प्रेम से भर जाता है।

### कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)

क्र./141/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 2/3/2026

### निविदा-सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी कार्यालय द्वारा समय-समय पर किये जाने वाले आयोजनों में बनने वाले फ्लेक्स की प्रति वर्गफुट की दरें आहूत करना चाहता है। इच्छुक सेवा प्रदाता दरें 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक एक वर्ष के लिये दरें दिनांक 23/03/2026 तक दोपहर 12 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। सामग्री कार्यालय तक पहुंचाके देना होगा। विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | कार्य का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1. | सामान्य प्रिंट प्रति वर्ग फीट | |
| 2. | स्टार प्रिंट प्रति वर्ग फीट | |
| 3. | फ्रेमिंग रनिंग फीट | |
| 4. | पंपलेट कलर प्रति 1000 | |
| 5. | पंप ब्लेक एण्ड वाईट प्रति 1000 | |
| 6. | विनाईल प्रिंट प्रति वर्ग फीट | |

शर्तें- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।

3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

4. सफल निविदाकार को आर्डर मिलने पर सामग्री प्रिंट कर पचमढ़ी पहुंचाकर देना अनिवार्य होगा।

5. वर्णित कार्य के अतिरिक्त अन्य आवश्यक प्रिंटिंग कार्य बाजार दर से कम दर पर करना होगा।

6. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिए बिल के साथ खाता नं. आइएफएससी कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।

7. उपरोक्तानुसार समस्त दरें मय जीएसटी रेट के प्रदान की जावें।

6. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।

7. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंति एवं सर्वमान्य रहेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण
पचमढ़ी

॥ जय माता दी ॥ Mob.- 9425692332
MAMTA ENTERPRIZES
Pipariya Road, Bankhedi Distt.- Hoshangabad (M.P.)
Crown, Weston, L.G. LED TV, Refrizarator, Coolar, Mixer Grinder Radio, DTH, Airtel, Tata Sky & Other Electronic Material

# जासरवानी ग्राम के लोगों ने नशा मुक्ति के लिए की पहल



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी।** ग्राम जासरवानी के लोगों ने दुर्गा चौक के चबूतरे पर एकत्रित होकर नशा मुक्त गांव बनाने के लिए बैठक की जिसमें गांव के सैकड़ों लोगों ने सहभागिता की। ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि देवीसिंह पटैल के नेतृत्व में आयोजित बैठक में सभी लोगों ने एकमत से निर्णय लिया की ग्राम में शराबबंदी हो। ग्राम में कोई दारू न बनायें। कोई भी व्यक्ति दारू पीकर रास्तों में नहीं घूमेगा। गांव में दारू पीकर अपशब्द नहीं कहेंगे। यदि कोई व्यक्ति दारू बेचते पकड़ा जाता हैं तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जावें। ग्राम पंचायत सरपंच सहित बैठक में पूर्व सरपंच कल्याण सिंह ठाकुर,शादिग बेग, ग्राम कोटवार माखन सिंह मेहरा रामजी कुशवाहा शारदा बाई, नीलेश विलेज लाइफ वेलफेयर सोसायटी बनखेडी के अध्यक्ष भागीरथ कुशवाहा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष संतोष नागवंशी सहित बड़ी संख्या में ग्राम के महिला पुरूष उपस्थित रहें ।

# परम संत कृपाल सिंह जी महाराज का प्रकाशत्सव मनाया गया.....

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, बनखेड़ी** ।मौजूदा सरकार संत राजिंदर सिंह जी महाराज कि असीम कृपा से आज कृपाल आश्रम, रायपुर (हीरापुर ) में परम संत कृपाल सिंह जी महाराज का प्रकाशत्सव मनाया गया.....एवं रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें 300 से ज्यादा लोगो ने रक्तदान शिविर में भाग लिया एवं 52 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया... रक्तदान में समाजिक परिवर्तन एवं महिला सशक्तिकरण कि भी झलक भी देखने को मिली कुछ बहनो ने पहली बार रक्तदान किया।कृपाल आश्रम (रायपुर हीरापुर)कायृकारणी सोबरन सिंह जी कौरव (अध्यक्ष)तरवर सिंह जी कौरव (सचिव) रमेश जी कौरव (उपाध्यक्ष) सतेंद्र सिंह जी श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष) रामसेवक जी आशीष जी राकेश जी एवं समस्त सेवादार कृपाल आश्रम (रायपुर हीरापुर) एवं ब्लैड बैंक टीम (नरसिंहपुर)



## "धारा 223ए बीएनएस में डीजे संचालक पर मामला दर्ज"

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** पिपरिया बोर्ड परीक्षा सत्र के दौरान ध्वनि प्रदूषण फैलाना डीजे संचालक को महंगा पड़ गया। गुरुवार रात स्टेशन रोड थाना पुलिस ने शासकीय अस्पताल के सामने साइलेंट जोन क्षेत्र में तेज आवाज में डीजे बजा रहे संचालक के खिलाफ मामला दर्ज कर डीजे वाहन सहित साउंड सिस्टम जब्त कर लिया।

अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्री मोहित कुमार यादव के निर्देशन में थाना स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस कस्बा भ्रमण पर थी। इसी दौरान शासकीय अस्पताल के सामने एक बारात में अत्यधिक तेज ध्वनि में डीजे बजने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। जांच में पाया गया कि डीजे की आवाज इतनी तीव्र थी कि आसपास बातचीत तक सुनाई नहीं दे रही थी। नगर में कक्षा 10वीं एवं 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं संचालित होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई में भी व्यवधान उत्पन्न हो रहा था।

पुलिस ने डीजे संचालक से वैधानिक अनुमति पत्र प्रस्तुत करने को कहा, लेकिन कोई अनुमति नहीं दिखाई गई। आरोपी ने अपना नाम सोनू साहिलवार पिता हरप्रसाद साहिलवार (31) निवासी इतवारा बाजार पिपरिया बताया। पूर्व में भी समझाइश देने के बावजूद नियमों का पालन नहीं करने पर पुलिस ने पंचों की मौजूदगी में ट्रक क्रमांक एमपी 04 जीबी 9655, मिक्सर मशीन व साउंड बॉक्स जब्त किए।

थाना स्टेशन रोड पिपरिया में अपराध क्रमांक 54/2026 धारा 223ए बीएनएस एवं कोलाहल अधिनियम की धारा 7/15 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपी को नियमानुसार धारा 35(3) बीएनएसएस का नोटिस तामील कराया गया। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)

क्र./153/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 2/3/2026

### निविदा-सूचना

विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी कार्यालय द्वारा समय-समय पर लिखवाये जाने वाले साईन बोर्ड/नाम पट्टीका का लिखवाई की दरें 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक एक वर्ष के लिये आहूत करना चाहताहै। इच्छुक सेवा प्रदाता अपनी दरें (मय मटेरियल के ) बंद लिफाफे में दिनांक 23/03/2026 तक दोपहर 12 बजे तक बंद लिफाफे में प्रस्तुत कर सकते हैं। विवरण निम्नानुसार है -

| क्र. | कार्य का नाम | दर |
|---|---|---|
| 1. | नोटिस बोर्ड राइटिंग प्रति वर्ग फीट | |
| 2. | मीडियम राइटिंग बोर्ड प्रति वर्ग फीट | |
| 3. | बोल्ड राइटिंग बोर्ड प्रति वर्ग फीट | |
| 4. | चित्रकारी प्रति वर्ग फीट | |
| 5. | मोनो प्रति वर्ग फीट | |
| 6. | नाम पट्टिका प्रति नग | |
| 7. | प्लेन सरफेश पेंटिग प्रति नग | |

शर्तें-

1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।

3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

4. वर्णित सामग्री के अतिरिक्त उद्यान के लिये आवश्यक सामग्री बाजार दर से कम दर पर करना होगा।

5. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिये बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी. कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।

6. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।

7. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंति एवं सर्वमान्य रहेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण
पचमढ़ी

विश्वसनीयता ॥ श्री महावीराय नमः ॥ उचित दाम
श्री विजय जेम्स & ज्वेलर्स
(सोने, चांदी, हीरे के आभूषणों एवं राशि रत्नों के विक्रेता)





हमारे यहां समस्त असली राशि रत्न, उपरत्न, स्फटिक श्रीयंत्र शिवलिंग, माला, नवरत्न अंगूठी, ब्रेसलेट, कड़े, पारदेश्वर गोल्डप्लेटेड यंत्र उचित दाम पर उपलब्ध है
असली प्राकृतिक, लक्ष्मी प्रदाता, सुख समृद्धिदायक, दक्षिणावर्ती शंख एवं एक मुखी रूद्राक्ष उपलब्ध है।
सांडिया रोड, पालीवाल गैस एर्जेसी के पास, पिपरिया
प्रो. सचिन जैन मो. 9425475891, 9425475431

# पिपरिया में होली को लेकर फ्लैग मार्च, बाजारों और चौराहों पर पुलिस का शक्ति प्रदर्शन

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने के उद्देश्य से सोमवार को पिपरिया शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। 02 मार्च 2026 को अनुभागीय अधिकारी पुलिस श्री मोहित कुमार यादव, थाना प्रभारी मंगलवारा श्री गिरीश त्रिपाठी तथा थाना प्रभारी स्टेशन रोड श्री आदित्य सेन के नेतृत्व में थाना पिपरिया एवं थाना स्टेशन रोड पिपरिया पुलिस बल ने संयुक्त रूप से शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च किया।



फ्लैग मार्च बस स्टैंड से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों, प्रमुख चौराहों, बाजार क्षेत्र और गली–मोहल्लों से गुजरता हुआ मंगलवारा क्षेत्र तक निकाला गया। इस दौरान पुलिस बल ने आमजन को सुरक्षा का भरोसा दिलाया तथा असामाजिक तत्वों को कड़ी चेतावनी दी।

मंगलवारा थाना प्रभारी श्री गिरीश त्रिपाठी ने होली पर्व के संबंध में नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि त्योहार को भाईचारे और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि हुड़दंग, जबरन रंग लगाने, नशे की हालत में वाहन चलाने और शांति भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधिकारियों ने व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी दी और आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचित करने की अपील की।

फ्लैग मार्च के दौरान शहर में पुलिस की सक्रिय मौजूदगी से आमजन में सुरक्षा का विश्वास देखने को मिला।

# पिपरिया में कोटपा एक्ट 2003 के तहत पान गुमटी पर कार्रवाई, नाबालिगों को गुटखा न देने की सख्त हिदायत

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया ।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। शहर में तंबाकू उत्पादों की बिक्री पर नियंत्रण और स्वच्छता बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवारा थाना पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत कार्रवाई की। कोटपा एक्ट 2003 के मुख्य प्रावधान–सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान निषेध (धारा 4) दफ्तर, होटल, मॉल, सिनेमा हॉल, अस्पताल, लाइब्रेरी, कार्यस्थल जैसे सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान गैर–कानूनी है। इसके लिए 2000 रुपये तक का जुर्माना हो सकता है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई के दौरान सभी पान गुमटी संचालक को नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर समझाइश दी गई और सख्त चेतावनी जारी की गई। 18 साल से कम को बिक्री पर रोक (धारा 6) नाबालिगों (18 साल से कम आयु) को तंबाकू उत्पाद बेचना या नाबालिगों के जरिए बेचना दंडनीय अपराध है। पुलिस ने स्पष्ट निर्देश दिए कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को गुटखा, पान मसाला या अन्य तंबाकू उत्पाद किसी भी स्थिति में न बेचे जाएं। नियमों का उल्लंघन दोबारा पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई। शैक्षणिक संस्थानों के पास बिक्री पर रोक (धारा 6) किसी भी स्कूल या कॉलेज के 100 गज (लगभग 91 मीटर) के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचना मना है। थाना प्रभारी ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों जैसे सरकारी अस्पताल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, शासकीय भवन, कार्यालय, स्कूल और कॉलेज परिसर में पान–तंबाकू खाकर गंदगी न करें और न ही थूकें। इससे न केवल शहर की छवि खराब होती है, बल्कि स्वच्छता अभियान पर भी विपरीत प्रभाव पड़ता है।



चेतावनी बोर्ड– तंबाकू उत्पादों के पैकेट पर चित्रमय स्वास्थ्य चेतावनी अनिवार्य है। साथ ही, बिक्री केंद्र पर 18 साल से कम उम्र के नाबालिगों को तंबाकू उत्पाद नहीं बेचे जा सकते' का बोर्ड लगाना जरूरी है। पुलिस प्रशासन ने कहा कि पिपरिया शहर को स्वच्छ और स्वस्थ बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है।

# अवकाश दिवसों में पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

जनसंपर्क नर्मदापुरम । महानिरीक्षक पंजीयन के निद्रेशानुसार जनसामान्य को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने हेतु तथा शासन के राजस्व को दृष्टिगत रखते हुये माह मार्च 2026 में होली अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों (प्रत्येक शनिवार व रविवार सहित) में जिला पंजीयक कार्यालय एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेंगे।

तत्घ्संबंध में वरिष्ठ जिला पंजीयक नर्मदापुरम श्री राजीव सोर्ते ने समस्त उप पंजीयकों को निर्देशित किया है कि माह मार्च 2026 में होली अवकाश छोड़कर शेष समस्त सार्वजनिक अवकाश दिवसों में जिला पंजीयक कार्यालय एवं समस्त उप पंजीयक कार्यालय पंजीयन कार्य हेतु खुले रहेगें।


DOLLY ICE CREAM PARLOUR & BAKERY SHOP
Vadilal
कमलेश प्रिंटिंग प्रेस सांडिया रोड, पिपरिया
प्रो. कमलेश मंडलोई

न्यू विनीत ट्रांसपोर्ट
शोभापुर रोड, पिपरिया
जिला-नर्मदापुरम(म.प्र.)
Mob- 9300734595, 9827576290, Ph.220409
विशेष- छोटी गाड़ी सम्पूर्ण भारत में भेजी जाती है।

करें नवशिशु का स्वागत, प्यार दुलार।
न्यू ललित किड्स कॉर्नर में श्रीमान् पधारें।
नवशिशु के स्वागत के लिए- गद्दे तकिये सेट, मच्छरदानी, बाकर बाबागाड़ी, झूला, खेल खिलौने आदि की विस्तृत श्रृंखला।
साथ ही आप सभी के लिए अंडर गारमेंट्स की संपूर्ण रेंज।
न्यू ललित होजरी एण्ड किड्स कार्नर
3-4 ललित आर्केड, मीठी गली, पिपरिया

विकी हार्डवेयर स्टोर्स
फोन कार्यालय 224664,
निवास- 222664मो. 9893200814
सिंधी गुरू मंदिर के सामने पचमढ़ी रोड, पिपरिया
बिरला व्हाइट सीमेंट एवं वाल केयर पुट्टी
उच्चकोटि के लोहा व सीमेंट एवं भवन सामग्री के थोक व फुटकर विक्रेता

अद्वितीय विशाल सोने एवं चांदी के आभूषणों के शोरुम पर हम आपका हार्दिक अभिनंदन करते है।
विजय ज्वेलर्स
मेन रोड, पिपरिया
जिला–नर्मदापुरम (म.प्र.) फोन–मो. 9425475530

चन्द्रकान्त अग्रवाल
(कर सलाहकार)
उपलब्ध सेवाएं -
(1) इन्कम टेक्स, जी.एस.टी, टी.डी.एस., प्रोजेक्ट रिपोर्ट एवं अन्य सभी टेक्शेशन से संबंधित कार्य
(2) लाईफ एंशुरेन्स-पी.एन.पी. मेटलाइफ इन्शुरेंस
(3) हेल्थ एंशुरेन्स- एचडीएफसी हैल्थ एन्शुरेंस
सम्पर्क करें - दुकान नं. 2 अर्बन गेलेक्सी, जीन कम्पाउंड, गोपाल ट्रांसपोर्ट के पीछे, ऊमर वाले दादा मंदिर के सामने वाली रोड, पिपरिया मो. 9893803544

Prime Motivation Institute
एक दशक से नगर की प्रतिभाओं को निखारने में सफल संस्थान, नौकरी प्राइवेट हो या सरकारी हो, व्यापार छोटा हो या बड़ा हो, आप छात्र-छात्रा हो या व्यवसायी हो, आप युवती हो या गृहणी हो, आप सभी के लिए सफल भविष्य की राह चुनने एवं सफलतापूर्वक अपने मंजिल तक पहुचने के लिए आपकी आवश्यकतानुसार सभी कोर्सेस एक ही कैंपस में उपलब्ध कराने वाला एक मात्र ट्रेनिंग & प्लेसमेंट सेण्टर.......
प्रवेश प्रारंभ
Spoken English & Advance Effective English
Tally ERP.9 With GST | M.S. Office | CPCT
Bank | Railway | SSC | MP Police | Samvida
उपलब्ध सुविधाए
1. CCTV कैमरे से निगरानी 2. A.C. Classrooms & LAB
3. लाइब्रेरी 4. Printed Notes 5. Digital Classrooms
6. शिक्षित एवं अनुभवी फैकल्टी 7. वीकली टेस्ट
8. Job Counselling 9. Consultancy
Add – Above Malwa Dairy, Cement Road Pipariya
Contact – 9893623179, 9179406595, 9329555595

।। ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्।।



# अखण्ड ज्योति

**ऋषि चिंतन के सान्निध्य में**

# असीम संग्रह और उपभोग की तृष्णा

संसार में उपभोग और आवश्यकता की वस्तुएँ प्रचुर मात्रा में भरी पड़ी है , पर थोड़े से ही आदमी उस पर कब्जा करके बैठ जाते हैं। फलस्वरूप शेष सारी जनता अभावग्रस्त, दरिद्र रह जाती है। कोई व्यक्ति जीवनयापन की वस्तुओं से ही संतुष्ट नहीं रहना चाहता। हर किसी को अधिक बहुत अधिक, असीम वस्तुओं के संग्रह और उपभोग की तृष्णा व्याकुल किए हुए है। गरीब से लेकर अमीर तक, मजदूर से लेकर मालिक तक, शिष्य से लेकर गुरु तक, सभी अपने कर्त्तव्य-पालन में अधिक के लिए बड़ी -बड़ी माँगें उपस्थित कर रहे हैं। कोई किसी को अपनी सच्ची आत्मीयता, सेवा, स्नेह भावना, नहीं देना चाहता, अपनी वस्तुओं या अधिकारों का त्याग दूसरों के लिए नहीं करना चाहता, वरन् दूसरों से अधिक से अधिक लाभ किस प्रकार उठाया जा सकता है , इसी की फिराक में रहता है। इस घुड़दौड़ में वह उचित-अनुचित में, पाप-पुण्य में, नीति-अनीति में, कोई अंतर नहीं करना चाहता। जैसे भी बने अपना काम बनाने की उसे चिंता है।

नीति का मार्ग छोड़कर जब लोग अनीति की सहायता से अपना स्वार्थ पूरा करना चाहते हैं, तो निश्चित रूप से विरोध, द्वेष, संघर्ष और कलह उत्पन्न होता है। यह कलह अनेक रूप धारण करके सामने आता है और उससे शांति एवं सुरक्षा का वातावरण नष्ट हो जाता है।

-अखण्ड ज्योति -जनवरी 1957 पृष्ठ-15







## पिपरिया शहर का प्राचीन औषधालय

श्री कृष्ण सेवा संघ धमार्थ औषधालय धर्मशाला रोड पिपरिया

✲पिपरिया एवं क्षेत्र के नागरिकों की स्वास्थ्य सेवा में हमेशा प्रयत्नशील

✲ अनुभवी वैद्यजी द्वारा परामर्श

✲ आयुर्वेदिक दवाओं का निशुल्क वितरण

✲ पंजीयन शुल्क मात्र दो रुपए

औषधालय का समय : सुबह 9 से 12 बजे तक

यदि हो गये हो बीमार -आयुर्वेद ही सही उपचार।

ऋषि मुनियों ने आयुर्वेद को अपनाने के आशीर्वाचन दिए हैं उन्हें अपनाइए ।आयुर्वेदिक उपचार अपनाऐ ।स्वस्थ जीवन पाऐं ।।


# 'करेली पुलिस की जुआडियो पर सक्त कारवाही जुआ फंड से जुआ खेलते अपराधीयो को पुलिस ने धर दबोचा'

'थाना करेली पुलिस की दबिश खेल रहे 12 जुआडियो को पुलिस ने पकड कर 36460/ रूपये जब्त किये'

*'करेली पुलिस टीम शहर के सभी अपराधो व अपराधी के लिए बनी काल'*

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, करेली** ।करेली जिले में अवैध मादक पदार्थ के कारोबार पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाने व अवैध गतिविधियो पर अकुंश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक ऋषिकेश मीणा के दिशा निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया और एसडीओपी पुलिस मनोज गुप्ता के मार्गदर्शन में नशे का कारोबार एवं अवैध शराब के विक्रय एवं अवैध गतिविधियो पर पूर्णतः अंकुश लगाने हेतु संपूर्ण जिला अंतर्गत विशेष अभियान (OPERATION EAGLE CLAW )चलाया जाकर जिले के विभिन्न थानों में लगातार धरपकड की कार्यवाही की जा रही है । दिनांक 25/02/26 को मुखविर की सूचना के आधार पर थाना करेली में 12 आरोपियो (1) महफूस खान उर्फ गोलू पिता मोहम्मद आदम खान करेली (2)छोटे लाल दुवे उर्फ गुड्डा स्व सुदामा प्रसाद दुवे करेली (3) जेनुल आरफिन पिता मरहूम शेख सरीफ करेली (4)प्रदीप पिता ललता प्रसाद विश्वकर्मा करेली 5–शरद पिता दशरथ कहार करेली 6–राजकुमार पिता होरी लाल सोनी करेली (7)विनायक उर्फ बीनू पिता सुरेश चन्द्र गुप्ता करेली (8)पवन पिता नरेश सकरवार करेली ,9–राहुल पिता गोपाल प्रसाद ठाकुर करेली (10)हेमराज पिता लाल जी कुशवाहा करेली (11)अंकित मेहरा पिता ओमप्रकाश मेहरा करेली (12 )पंकज पिता कैलाश महार सभी निवासी करेली को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 36460/रू जब्त करने में करेली पुलिस को मिली सफलता । गिरफ्तारी कार्यवाही में थाना प्रभारी करेली निरीक्षक रत्नाकर हिंगवे , प्र.आर. कुलदीप सोमकुवंर , आर. राजेश बागरी , आर. कपिल राजपूत , आर. सचिन पटेल आर. अमित यादव. आर. यशवंत आर. पवन आर.रोहित बरोलिया म. आर. स्वेता दुवे की मुख्य भूमिका रही।

☐भागीरथ तिवारी,

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./147/साडा/पच/2026 पचमढ़ी दि. 2/3/2026

## निविदा-सूचना

एतद द्वारा समस्त ठेकेदारों /सप्लायर को सूचित किया जाता है कि साडा पचमढ़ी अपने अधिनस्थ विभिन्न उद्यानों के लिये मांग अनुसार 01 अप्रेल 2026 से 31 मार्च 2027 तक एक वर्ष के लिये खाद एवं मिट्टी की दरें आहुत करना चाहता है।

अतः इच्छुक ठेकेदारों /सप्लायर अपनी-अपनी दरें बंद लिफाफे में दिनांक 23/03/2026 तक दोपहर 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं।

| क्र. | सामग्री के नाम | दर प्रति ट्राली |
|---|---|---|
| 1. | गोबर खाद उच्च गुणवत्ता की | |
| 2. | काली मिट्टी उच्च गुणवत्ता की | |
| 3. | लाल मिट्टी उच्च गुणवत्ता की | |

शर्तें- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।

3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

4. वर्णित कार्य के अतिरिक्त उद्यान के लिये आवश्यक सामग्री बाजार दर से कम दर प्रदान करना होगा।

6. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिए बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।

6. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।

7. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंति एवं सर्वमान्य रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**



# कालूराम मूलचंद गट्टानी शोभापुर

के सोने व चांदी की शुद्धता के विश्वास के साथ अब निर्माण की दुनिया में हमारी नई पहचान

AAC BLOCk Autoclaved, Aerated, Concrete




मकान, गोदाम, मॉल, होटल, बिल्डिंग्स, बाउंड्री वाल्स आदि निर्माण हेतु उपलब्ध



**ब्लॉक साइज -**

लम्बाई 24'' ऊंचाई 8'' 3'', 4''6'', 8''

लगाने में आसान, तराई की आवश्यकता नहीं, साधारण ईंट की तरह टूट-फूट नहीं, वजन में हल्का, मकान में सीलन से मुक्ति, प्लास्टर का खर्च कम, सीमेंट एवं रेत की आवश्यकता नहीं, दीवार पर आने वाले खार से मुक्ति, गर्मी में 4 से 5 डिग्री ठंडा, दीमक से मुक्ति

- ☞ISI Mark Grade 1 AAC ब्लॉक्स
- ☞समृद्धि प्लास्टिक्स
- ☞पॉवर टूल्स एवं स्पेयर पार्टस
- ☞LED लाईट्स
- ☞कंस्ट्रक्शन केमिकल
- ☞सुप्रीमो पानी की टंकिया
- ☞RCC चौखट, जंगले, खिड़की एवं दरवाजे
- ☞LED लाईट्स
- ☞समस्त हार्डवेयर
- ☞CPVC, UPVC, SWR, Pressure, VGD, Coloumn Pipe एंड फिटिंग्स

**ब्लॉक्स हेतु जानकारी व आर्डर हेतु सम्पर्क करें**

**गट्टानी ट्रेडिंग कम्पनी** मंडी रोड, गणेश मंदिर के पास, हथवांस, पिपरिया

मो. 8085256256, 9479914256 प्रोप्राईटर- आनंदा गट्टानी



# मे. शुभम् ट्रेडर्स

**क्या बिजली पानी समस्या से परेशान है ,** समस्या आपकी, समाधान हमारा

**कुशल इंजीनियरों से निर्मित उत्तम गुणवत्ता व विश्वनीयता का बेजोड़ संगम**

**अधिकृत विक्रय-**(1) सागा सिंगल थ्रीफेस मोनो एवं सम्मरशिबल पम्पस् अहमदाबाद गुजरात (2) रिगामेन सम्मरशिबल राजकोट V-3-V-4-V-6-V-7, (3) स्वयं P.V.C. केसिंग पाइप 3'' से 12'' साइजों में उपलब्ध ✲ विशाल एवं स्प्रिंकलर्स पाइप (4) जनरेटर, सेट, डीजल ऐंजिन उत्तम, बीज (5) प्रीमियर फाउन्टेन कोलकता (6) अन्य स्टारटर एल एंड टी, एच.पी.एल, आटो स्विच केवल व अन्य कृषि सामग्री के विक्रेता एवं गवर्मेन्ट सप्लायर

दिमाग पर ज्यादा जोर न लगायें । अपने पैसों से सही सुविधा पायें ।।

**निवास-गली नं. 3 सरदार वार्ड पिपरिया Mob. 9630556704,9993283326**

# रंग, गुलाल और भक्ति का संगम– 8 मार्च को निकलेगी भव्य रंग फाग महोत्सव यात्रा

8 मार्च को सुबह 9 बजे ( रिपटा ) राधाकृष्ण मंदिर सांडिया रोड और माँ दुर्गा मंदिर तहसील पचमढ़ी रोड से प्रारंभ होगी

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। हिंदू उत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली रंग पंचमी की भव्य रंग फाग महोत्सव यात्रा इस वर्ष रंगपंचमी पर दिनाँक 8 मार्च 26 दिन रविवार को भव्य रंगयात्रा 1) मां दुर्गा मंदिर, तहसील परिसर पचमढ़ी रोड से प्रारंभ समयः प्रातः 8.30 बजे 2) राधाकृष्ण रिप्टा मंदिर, सांडिया रोड से प्रारंभ. समयः प्रातः 9.00 बजे दोनों ही रंग यात्राएं ठीक 11 बजे मंगलवारा चौराहे पर एक साथ होकर, शोभापुर रोड,सीमेंट रोड से पुराना गल्ला मंडी होते हुए पुनः मंगलवारा चौक पर समाप्त होंगी।

आप सभी से विनम्र निवेदन है कृपया अधिक से अधिक संख्या में दोनों रंग यात्रा में सम्मिलित होकर रंगों के त्यौहार को अपार उत्साह के साथ मनाएं। श्रद्धा और उत्साह के साथ प्रारंभ होगी। यात्रा को लेकर शहर में अभी से धार्मिक और उत्सवी माहौल बनने लगा है। संस्था के सचिव श्री धर्मेंद्र बल्दुआ ने बताया कि रंग यात्रा राधाकृष्ण मंदिर साडियां रोड और मां दुर्गा मंदिर, तहसील परिसर पचमढ़ी रोड से प्रारंभ होकर शहर के मुख्य मार्गों से होती हुई मंगलवार चौक से शोभापुर रोड, सिमेंट रोड, पुरानी गल्ला मंडी, होते हुए मंगलवार चौक पर समापन होगी। आयोजन को लेकर समिति की बैठक में यह प्रस्ताव भी हुआ कि एक अतिरिक्त यात्रा पचमढ़ी रोड से निकाली जाए। इस विषय पर विचार–विमर्श के लिए ।दिनाँक 28–29 फरबरी 2026 दिन शनिवार को समय शाम 4.30 बजे आवश्यक बैठक चिंताहरण हनुमान मंदिर रेस्ट हाउस एवं मां दुर्गा मंदिर तहसील पचमढ़ी रोड पर विशेष बैठक आयोजित की गई । रंग फाग महोत्सव यात्रा का शहरवासियों को हर वर्ष बेसब्री से इंतजार रहता है। यात्रा के दौरान श्रद्धालु रंग–गुलाल उड़ाते हुए राधा–कृष्ण के भजनों पर नाचते–गाते आगे बढ़ेंगे। जगह–जगह पुष्पवर्षा और स्वागत की तैयारियां भी की जा रही हैं, जिससे पूरा नगर रंग और भक्ति के रंग में रंग जाएगा। समिति ने सभी रंग प्रेमी भाइयों और नगरवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर होली के इस पावन पर्व को उमंग, उत्साह और सौहार्द के साथ मनाएं। रंग, रस और राधा–कृष्ण भक्ति से सराबोर यह यात्रा एक बार फिर शहर में आस्था और आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत करेगी।



# रामदेव एग्रो शुगर मिल पर प्रदूषण का आरोप, धारा 152 ठछै में केस दर्ज

शिकायत के बाद जांच शुरू, रिपोर्ट आने पर होगी कार्रवाई

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, रामदेव एग्रो शुगर मिल द्वारा बिना शुद्धिकरण के अपशिष्ट जल खुले में छोड़े जाने के आरोपों पर प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए प्रकरण दर्ज कर लिया है। मामले में धारा 152 BNSS/ 2023 के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। यह कार्रवाई उस शिकायत के आधार पर की गई है, जो जिला अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) नर्मदापुरम श्री रमेश माधुरे द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया को प्रस्तुत की गई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि




शुगर मिल द्वारा अशोधित अपशिष्ट जल नाला और खेतों में छोड़ा जा रहा है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के जल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं।शिकायत में यह भी उल्लेख किया गया कि प्रदूषित पानी के उपयोग से ग्रामीणों में उल्टी–दस्त, पेट दर्द और त्वचा रोग जैसी बीमारियाँ फैल रही हैं, जिससे जनस्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) पिपरिया द्वारा जारी पत्र में स्पष्ट किया गया है कि मामले में प्रकरण दर्ज कर जांच प्रचलित है। जांच पूर्ण होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। प्रकरण की सूचना कलेक्टर, जिला नर्मदापुरम को भी प्रेषित कर दी गई है। अब ग्रामीणों की नजर प्रशासनिक जांच रिपोर्ट पर टिकी है। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो मिल प्रबंधन के खिलाफ सख्त कार्रवाई संभव मानी जा रही है।

# पिपरिया में विशेष अभियान– 7 स्थाई वारंटी और 5 गिरफ्तारी वारंटी गिरफ्तार

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया, (नर्मदापुरम)। आगामी त्यौहारों को देखते हुए जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पिपरिया पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की है। थाना पिपरिया पुलिस ने अलग–अलग स्थानों पर दबिश देकर 7 स्थाई वारंटी और 5 गिरफ्तारी वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम श्री साईकृष्णा एस. थोटा (IPS) अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक राजन (रा. पु.से.) एवं एसडीओपी मोहित कुमार यादव (रा.पु.से.) के निर्देशन में फरार वारंटियों की धरपकड़ के लिए विशेष अभियान संचालित किया गया। इसी क्रम में थाना पिपरिया में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में अलग–अलग पुलिस टीमों का गठन कर 22 फरवरी 2026 को जिला रायसेन और नर्मदापुरम के विभिन्न क्षेत्रों में दबिश दी गई।कार्रवाई के दौरान कई वर्षों से फरार चल रहे 7 स्थाई वारंटी एवं 5 गिरफ्तारी वारंटी को पकड़कर विधि अनुसार कार्रवाई की गई।



<u>ये रहे गिरफ्तार वारंटी</u> –सबदर पिता गफूर शाह (31), ग्राम सेमरी हरचंद – स्थाई वारंटी, दीपक पिता सुरेश पुर्विया (26), ग्राम घाट पिपरिया – स्थाई वारंटी (3 प्रकरण), छोटू उर्फ पन्नालाल पिता बालाराम अहिरवार, गांधी वार्ड पिपरिया– स्थाई वारंटी, राजा उर्फ आसिफ पिता स्व. नसीर खान (29), सरदार वार्ड पिपरिया – स्थाई वारंटी (2 प्रकरण), आविद पिता जान मोहम्मद (50), सरदार वार्ड पिपरिया – गिरफ्तारी वारंटी, एक महिला – गिरफ्तारी वारंटी, मोनू उर्फ सुनील पिता राजेन्द्र ठाकुर (28), सरदार वार्ड पिपरिया – गिरफ्तारी वारंटी, विकास पिता कैलाश ठाकुर (24), पुरानी बस्ती पिपरिया – गिरफ्तारी वारंटी, अरविंद मेहरा पिता चौनसिंह मेहरा (34), ग्राम सांडिया – गिरफ्तारी वारंटी

<u>पुलिस टीम की रही अहम भूमिका</u>

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह कुशवाहा, उपनिरीक्षक भागचंद धुर्वे, उपनिरीक्षक मानिक सिंह बट्टी, उपनिरीक्षक किशन उइके, उपनिरीक्षक मोनिका सिंह, उपनिरीक्षक शिवप्रसाद तिवारी सहित पुलिस बल के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों की उल्लेखनीय भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा। फरार आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।



पानी की किल्लत से छुटकारा........
अपने मकान, खेत, (दुकान में नलकूप या जेटपंप बोरिंग हेतु संपर्क करें।
पूर्ण गारंटी एवं उचित दाम
4" से 24" ट्यूबवेल बोरिंग, पाईप, सवमर्सीबल पंप सेट हेतु विश्वनीय प्रतिष्ठान
महावीर पाइप्स

गीतांजली शापिंग काम्पलेक्स, शोभापुर रोड, पिपरिया
मो. 9425040827, 9806593136





गोपी गहना
चांदी, सोना आभूषण एवं गिफ्ट आईटम के विक्रेता
अब आनन्द बाग मार्ग चिन्ताहरण मंदिर के पास
पुलिया के सामने दूसरी दुकान राजेन्द्र वार्ड पिपरिया
मो. 9425475981, 7693075981

मो. 9893331604
माहेश्वरी फर्नीचर स्टोर्स
सीमेंट रोड, पिपरिया

अधिकृत विक्रेता
नीलकमल फर्नीचर एवं कोरफोम गद्दे, अलमारी, कूलर, टी.वी, पंखे, गद्दे, सोफा, कार्पेट एवं फोम मटेरियल

विवेक सेनेटरी एण्ड हार्डवेयर
हिन्दुस्तान पेट्रोल पम्प के बाजू में पचमढ़ी रोड, पिपरिया
9479381880, 9131649108
मिलने का स्थान –
यू.पी. व्ही.सी., सी.पी. व्ही.सी., एस. डब्लू. आर, आई.डोल, प्लास्टो पाइप एंड फिटिंग उचित मूल्य पर प्राप्त करें ।

**कार्यालय : विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, पचमढ़ी (म.प्र.)**

क्र./145/ साडा/पच/2026 पचमढ़ी दिनांक 2/03/2026

## निविदा सूचना

समस्त सप्लायरों को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण पचमढ़ी अपने कार्यालय एवं आवासीय यूनिटों हेतु स्टेशनरी सामग्री क्रय करना चाहता है। निम्न सामग्री 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 (एकवर्ष) के लिये समय-समय पर आवश्यकता अनुसार क्रय की जावेगी। अतः अपनी दरें प्रति नग के हिसाब से बंद लिफाफे में दिनांक 23-03-2026 समय 12.00 बजे तक इस कार्यालय में प्रेषित करें। सामग्री निम्नानुसार है -

| क्र. | सामग्री का नाम | दरें |
|---|---|---|
| 1 | फोटो कापी पेपर ए4 75 GSM | |
| 2 | फोटो कापी पेपर लीगल 75 GSM | |
| 3 | फाईल पेड | |
| 4 | एल टाइप फाइल फोल्डर प्रति नग | |
| 5 | फाईल कबर नम्बर 777 प्रति नग | |
| 6 | फाईल कवर नम्बर 360 प्रति नग | |
| 7 | यूपिन प्रति पैकेट | |
| 8 | पेपर पिन टी टाइप | |
| 9 | बाक्स फाइल | |
| 10 | कार्बन पेपर डबल साईड 1 पैकट | |
| 11 | कार्बन पेपर सिंगल साईड 1 पैकट | |
| 12 | रजिस्ट्रर फुल साईज 1 दस्ता | |
| 13 | रजिस्ट्रर फुल साईज 2 दस्ता | |
| 14 | रजिस्ट्रर फुल साईज 3 दस्ता | |
| 15 | लिफाफे 9x4इंच | |
| 16 | लिफाफे 6x4इंच | |
| 17 | लेस बंडल | |
| 18 | टेग बंडल | |
| 19 | स्टेप्लर मशीन 10 नम्बर | |
| 20 | स्टेप्लर पिन 10 नम्बर | |
| 21 | स्टेप्लर मशीन 24 नम्बर | |
| 22 | स्टेप्लर पिन 24 नम्बर | |
| 23 | पेंसिल पैकिट | |
| 24 | स्टम्प पेड केमलिन डीलक्स | |
| 25 | पीवीसी फाईल फोल्डर | |
| 26 | बॉल पेन (ब्लू, रेड एवं काला) उच्च गुणवत्ता के | |
| 27 | केलकूलेटर बड़ा केसियो | |
| 28 | केलकूलेटर छोटा केसियो | |
| 29 | पोकर | |
| 30 | फेवीस्टिक बड़ा | |
| 31 | खाकी टेप (चौड़ा) | |
| 32 | सफेद टेप (चौड़ा) | |
| 33 | सफेद टेप (पतला) | |
| 34 | मार्कर मोटा | |
| 35 | मार्कर पतला | |
| 36 | हाईलाईटर पेन हर कलर में | |
| 37 | कलर फ्लेग | |
| 38 | डबल फाईल पेड | |
| 39 | पेन ड्राईव सेनडिस्क (32 जी.बी.) | |
| 40 | पेन ड्राईव सेनडिस्क (64 जी.बी.) | |
| 41 | पेन ड्राईव सेनडिस्क (128 जी.बी.) | |
| 42 | पेन ड्राईव सेनडिस्क (256 जी.बी.) | |
| 43 | प्लास्टिक स्केल | |
| 44 | स्टील स्केल | |
| 45 | वाईटनर पेन | |
| 46 | पंच मशीन बड़ी | |
| 47 | पंच मशीन छोटी | |
| 48 | ड्यूरा सेल AAA | |
| 49 | ड्यूरा सेल AA | |
| 50 | गिफ्ट पन्नी प्रति नग | |

शर्ते- 1. निविदा से संबंधित जानकारी कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

2. निविदा के साथ रु. 2000/ नगद अमानत बतौर जमा करना होगा तभी निविदा मान्य होगी।

3. दरें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

4. वर्णित कार्य के अतिरिक्त अन्य आवश्यक स्टेशनरी बाजार दर से कम दर प्रदान करना होगा।

5. सफल सप्लायर को भुगतान प्राप्त करने के लिए बिल के साथ खाता नं. आइ.एफ.एस.सी कोड, पैन कार्ड एवं आधार कार्ड सहित देना होगा।

6. उपरोक्तानुसार समस्त दरें मय जीएसटी रेट के प्रदान की जावें।

7. देयकों का भुगतान शासन के नियमानुसार टी.डी.एस. काटकर दिया जावेगा, जिसका प्रमाण पत्र प्राप्त होने उपलब्ध कराया जावेगा।

7. किसी भी प्रकार के वादविवाद की स्थिति में अध्यक्ष/सी.ई.ओ. का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य रहेगा।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण**
**पचमढ़ी**

# सेज यूनिवर्सिटी से डॉ. किटी मौर्य को पीएचडी, घाव उपचार के लिए उन्नत हाइड्रोजेल्स पर किया शोध



**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) भोपाल। शहर के लिए गौरव का विषय है कि स्वर्गीय अजय मौर्य की सुपुत्री डॉ. किटी मौर्य को [SAGE University Bhopal द्वारा पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य Dr- Varsha Nigam Gaur के निर्देशन तथा Dr- Anamika Singh के सह-निर्देशन में पूर्ण किया। डॉ. मौर्य के शोध का विषय था - "घाव उपचार सामग्री के रूप में उत्तेजना-संवेदी (Stimuli Responsive) हाइड्रोजेल्स का संश्लेषण एवं विशेषण (Synthesis and Characterization of Stimuli Responsive Hydrogels as Wound Materials)A

तापमान और pH के अनुसार प्रतिक्रिया देने वाले हाइड्रोजेल्स पर शोध - अपने शोध में उन्होंने ऐसे उन्नत हाइड्रोजेल्स के निर्माण एवं विश्लेषण पर कार्य किया, जो तापमान, pH अथवा अन्य जैविक उत्तेजनाओं के प्रति संवेदनशील होते हैं। ये विशेष प्रकार के हाइड्रोजेल्स घावों के प्रभावी उपचार में सहायक सिद्ध हो सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार यह शोध चिकित्सा एवं जैव-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने की क्षमता रखता है।

शिक्षा एवं शोध में सक्रिय भूमिका - वर्तमान में डॉ. किटी मौर्य Shaheed Bhagat Singh Government P-G- College में सहायक प्राध्यापक (Assistant Professor) के पद पर कार्यरत हैं और शिक्षा व अनुसंधान के क्षेत्र में सक्रिय योगदान दे रही हैं। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, गुरुजन, सहकर्मियों एवं शुभचिंतकों में हर्ष का वातावरण है। डॉ. किटी मौर्य को इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ।

# बस स्टैंड के डार्क स्पॉट पर पुलिस की दबिश, शराबियों को खदेड़ा
## यातायात नियम तोड़ने वालों पर भी कार्रवाई, 4600 रुपए का जुर्माना वसूला

**पिपरिया प्रकाश संवाददाता, पिपरिया।** ( छगन कुशवाहा ) पिपरिया। शहर में कानून व्यवस्था और यातायात सुधार को लेकर गुरुवार को मंगलवारा पुलिस ने बस स्टैंड क्षेत्र में सख्ती दिखाई। बस स्टैंड के पास स्थित खुले मैदान और डार्क प्लेस मानी जाने वाली जगह पर शराब पीकर बैठे लोगों को पुलिस ने खदेड़ दिया। कार्रवाई के दौरान कई लोगों को मौके से हटाया गया और दोबारा ऐसी गतिविधि न करने की सख्त चेतावनी दी गई।

पुलिस टीम ने बस स्टैंड, मंडी क्षेत्र और खुले ग्राउंड की सघन चेकिंग की। यहां शाम ढलते ही असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायतें मिल रही थीं, जिसके चलते यह अभियान चलाया गया।

यातायात नियम तोड़ने वालों पर भी शिकंजा

अभियान के दौरान वाहन चेकिंग भी की गई। क्षमता से अधिक सवारी बैठाने, बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने सहित अन्य मोटर व्हीकल एक्ट के उल्लंघनों पर चालानी कार्रवाई की गई। पुलिस ने कुल 4600 रुपए का जुर्माना वसूला।

मंगलवारा पुलिस ने स्पष्ट किया कि शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने और यातायात सुधार के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन न करें और यातायात नियमों का पालन करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति न बने।

**समाचार पत्रों के पंजीकरण (केन्द्रीय) नियम 1956 की धारा 8 के तहत वांछित रूप में ''पिपरिया प्रकाश'' के स्वामित्व एवं अन्य विवरणों के बारे में वक्तव्य**

**फार्म-4 (देखें नियम 8)**

**रजिस्ट्रेशन आफ न्यूज पेपर्स रूल्स 1950 के अन्तर्गत**

**''पिपरिया प्रकाश'' साप्ताहिक**

पत्र के स्वामित्व तथा अन्य विवरण विषयक जानकारी

1. प्रकाशन स्थल-अशोक वार्ड, सांडिया रोड, पिपरिया (म.प्र.)
2. प्रकाशन का क्रम-साप्ताहिक
3. मुद्रक का नाम - प्रकाशचन्द्र मंडलोई
4. प्रकाशक का नाम-प्रकाशचन्द्र मंडलोई
5. सम्पादक का नाम -प्रकाशचन्द्र मंडलोई
   क्या भारतीय नागरिक हैं - हाँ
   पता -अशोक वार्ड, सांडिया रोड, पिपरिया (म.प्र.)
6. पत्र का स्वामित्व भागीदार अथवा
   1 प्रतिशत से अधिक के पूंजीवाले हिस्सेदार- प्रकाशचन्द्र मंडलोई
   मैं प्रकाशचन्द्र मंडलोई घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त विवरण मेरी जानकारी तथा विश्वास के अनुसार सही है।

सही

5 मार्च 2026

प्रकाशचंद्र मंडलोई
प्रकाशक के हस्ताक्षर

रजिस्ट्रेशन नं. 9546171019

**किरण फ्रेक्चर एंड पेन क्लीनिक**

**डॉ. सुयश शर्मा**
(हड्डी रोड विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस.डीएनबी आर्थो

**मिलने का समय-**
प्रात: 11 से दोप. 2.00 बजे तक शाम 5 से 7.30 बजे तक

**डॉ.विभा शर्मा**
MBBS,MD,FIPM

**मिलने का समय-**
शाम 6.00 से 7.30 बजे तक

नोट - आधुनिक तकनीक से सभी प्रकार के दर्द का इलाज किया जाता है।
आपरेशन की सुविधा समर्थ अस्पताल में उपलब्ध है। (इमरजेंसी में समर्थ अस्पताल में संपर्क करें )
फ्रेक्चर, स्पोर्ट इंजुरी, सायटिका, गठिया, कमर, ऐड़ी, कोहनी, घुटने के दर्द अथवा चोट का इलाज किया जाता है।

उपलब्ध सुविधाएँ-डिजिटल X-ray, वॉटर प्रूफ प्लास्टर

**स्थान-अशोक वार्ड, पी.पी. एस स्कूल के पास, सांडिया रोड पिपरिया**

स्वत्वाधिकारी संपादक मुद्रक प्रकाशक-प्रकाशचन्द्र मंडलोई कैलाश पेपर इंडस्ट्रीज, सांडिया रोड, पिपरिया जिला- नर्मदापुरम (म.प्र) से मुद्रित प्रकाशित मो. 09425708959 संपादक -प्रकाशचन्द्र मंडलोई सभी विवादों का न्यायक्षेत्र पिपरिया न्यायालय रहेगा। E-mail-pipariyaprakash@gmail.com